मुनीर ने राष्ट्रपति के सामने दिखाया हुनर

लखनऊ में राज्यपाल और सीएम ने भी जिले के 30 बुनकरों को सराहा, 'एक जिला एक उत्पाद' का लाइव टेलिकास्ट

अमर उजाला ब्यूरो

बाराबंकी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से जब 53 साल से बुनकरी करने वाले मुनीर का आमना-सामना हुआ तो खुशी से झूम उठा। राष्ट्रपति के तीन सवालों के जवाब में सरकार को बुनकरों का मसीहा बताया, कहा कि पहली बार बुनकरों को इतना ऋण और अनुदान मिल रहा है कि उनका जीवनयापन आराम से हो जाएगा। मुनीर ने अपने बेटे जफर के साथ आईजीपी लखनऊ में आयोजित एक जनपद एक उत्पाद समिट के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के सामने हथकरघा चलाया। इसके अलावा 30 बुनकर अपनी अलग-अलग कला का प्रदर्शन करने के लिए बुलाए गए थे।

मुनीर ने कहा कि यहां तक पहुंचाने में अमर उजाला का भी योगदान रहा है। शुक्रवार को जिले के हथकरघा से जुड़े उद्यमियों के लिए खास दिन साबित हुआ। जैदपुर के मुनीर की खुशी सातवें आसमान पर थी। फोन पर बातचीत से पहले राष्ट्रपति के साथ बातचीत का फोटो भेज दिया। शाम को मुनीर ने अमर उजाला को बताया कि राष्ट्रपति ने तीन सवाल पूछे पहला, यह काम कब से कर रहे हो, हमने बताया कि 1965 से। दूसरा सवाल क्या बनाते हो, पर बताया कि पहले गमछा, लुंगी और रुमाल और अब स्टोल और शॉल भी। आखिरी सवाल- पहले की सरकारें आपके काम के लिए बेहतर कर रही थी या अब। मुनीर ने बताया कि बुनकरों के लिए यह सरकार सबसे बेहतर है। करोड़ों रुपये बुनकरों को ऋण मिल गया है, 25 प्रतिशत छूट भी मिल रही है जो परिवार मेहनत करेगा उसका काम चल जाएगा। बेटे जफर ने बताया कि राष्ट्रपति ने स्टॉल पर आकर पूछा-प्रोडक्ट कहां का है और इसकी खूबी क्या है।

लखनऊ में बुनकर मुनीर से बातचीत करते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंन्द, साथ में हैं राज्यपाल रामनाईक व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

बाराबंकी में उद्यमियों को ऋण प्रमाण पत्र देते जिलाधिकारी व विधायक शरद अवस्थी।

58 लाभार्थियों को मिला ऋण

लोक सभागार में जिलाधिकारी उदयभानु त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी ने कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी दी। डीएम ने पीएम ईजीपी, एमवाईएसवाई, मुद्रा, स्टैंडअप व स्टार्टअप योजना के 58 लाभार्थियों को करीब 9.17 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत का प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान विभिन्न कार्यों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें 45 लाभार्थियों को टूल किट का वितरण किया। कार्यक्रम में शशिमाला, जुनेद, मतीन समेत छह लाभार्थियों ने अपने अपने उत्पाद का स्टोल लगाकर प्रदर्शन किया।

उद्यमियों ने देखा लाइव

राष्ट्रपति के कार्यक्रम का लाइव देखने के लिए लोकसभागार में डीएम उदयभानु त्रिपाठी, विधायक शरद अवस्थी के साथ भारी संख्या में उद्यमी और अधिकारी मौजूद थे। राष्ट्रपति, गर्वनर और सीएम द्वारा जिले के हथकरघा का नजारा लेने का लाइव दिखा तो लोग तालियां बजाकर स्वागत किया। सबने कहा अधिकारियों की मेहनत काम आई और बुनकरी का जो मुकाम मिलना चाहिए था, वह आज हासिल हुआ।